श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : महोदय, उत्तर प्रदेश के जालौन और झांसी जनपदों में, जो कि मेरा लोकसभा क्षेत्र है, एक मार्च से दस मार्च तक हुई बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलें नष्ट हो गयी हैं और बहुत से किसान प्रभवित हुए हैं। इसके कारण अनेक किसानों की मृत्यु हो गयी है और तमाम किसान घायल हो गए हैं।

महोदय, मेरी मांग है कि प्रभावित किसानों के फसल से सम्बंधित कर्ज माफ किए जाएं और राजस्व वसूली रोक दी जाए। इसके साथ ही प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए। मृत किसानों के परिवार को पांच-पांच लाख रूपए और घायल किसानों को दो-दो लाख रूपए आर्थिक सहायता के रूप में दिए जाएं।